भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 266 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 28 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## एलपीजी संकट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना






**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

देश में एलपीजी की कमी और बढ़ती महंगाई के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना-प्रदर्शन किया। इसमें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने को संबोधित करते हुए डोटासरा ने केंद्र सरकार की नीतियों को आमजन के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि गैस की किल्लत और महंगाई से लोग परेशान हैं, लेकिन सरकार हालात से इनकार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने गैस भंडारण और आपूर्ति को लेकर समय रहते तैयारी नहीं की, जिससे संकट की स्थिति बनी।नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेशभर में लोग गैस एजेंसियों पर कतारों में खड़े हैं, लेकिन सरकार इसे स्वीकार नहीं कर रही। उन्होंने पेट्रोल-डीजल व गैस कीमतों में बढ़ोतरी को आमजन पर अतिरिक्त बोझ बताया।

धरने में कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याएं उठाने और कालाबाजारी के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

## सुवाणा में बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर के पटाखों से डरी बच्ची, टोकने पर पिता पर चाकू से हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

( पुनित चपलोत ) शहर के नजदीकी गांव सुवाणा में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें कानून और खाकी का कोई खौफ नहीं रह गया है। महज़ बुलेट से पटाखे फोड़ने और शोर मचाने से रोकने पर दबंगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है।



घटना सुवाणा के भांभी मोहल्ले की है। पीड़ित छगनलाल (35) पुत्र हेमराज बुनकर ने बताया कि गुरुवार रात वह अपने घर में था, तभी गांव के ही दो लड़के बुलेट लेकर आए और घर के सामने कानफोड़ू धमाके (साइलेंसर से पटाखे) करने लगे। तेज आवाजों से घर में मौजूद मेरी बच्ची हिमांशी बुरी तरह सहम गई और रोने लगी। जब छगनलाल ने बाहर निकलकर शालीनता से उन्हें शोर न करने को कहा, तो आरोपी गाली-गलौज और जातिगत अपमान करने पर उतारू हो गए।

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पवन जाट ने तैश में आकर छगनलाल के घुटने पर चाकू से गहरा वार कर दिया। लहूलुहान हालत में छगनलाल जमीन पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

पुलिस दीवान जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मुख्य आरोपी पवन जाट और उसके साथी पिंटू उर्फ शुभम के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

### 6 मोटरसाइकिलें बरामद, शौक-मौज के लिए करते थे चोरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुलाबपुरा थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व गठित विशेष टीम द्वारा की गई । टीम ने तकनीकी संसाधनों व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचा।

पुलिस ने बताया की ईश्वर लाल कुम्हार ने 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च को उनकी मोटरसाइकिल कुम्हार मोहल्ले से चोरी हो गई। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर सूचना व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई।

पुलिस ने मामले में गोपाल लाल शर्मा निवासी नंदवाड़ा, ब्यावर और सूरज सिंह दरोगा निवासी गुलाबपुरा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने शौक-मौज पूरी करने के लिए बाइक चोरी करना कबूल किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई 6 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस अब अन्य वारदातों के संबंध में भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती, आमजन को बड़ी राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेट्रोल-डीजल पर केन्द्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में की गई कटौती को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कमी से देशवासियों को बड़ी राहत मिली है।






मुख्यमंत्री के अनुसार, इस निर्णय के बाद पेट्रोल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी 13 रुपये से घटकर 3 रुपये रह गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये की ड्यूटी पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया यह जनहितकारी और संवेदनशील फैसला वैश्विक बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आमजन के लिए आर्थिक सहारा साबित होगा। इससे लाखों परिवारों को राहत मिलेगी और वे वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रभाव से कुछ हद तक सुरक्षित रहेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के 8 करोड़ नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और एकजुट होकर देश व प्रदेश की प्रगति में सहयोग करें।

## अवैध ऑटो एलपीजी पम्प पर कार्रवाई, पम्प सील





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी।** जिले में अवैध रूप से संचालित ऑटो एलपीजी पम्पों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला रसद विभाग ने भदालीखेड़ा क्षेत्र में एक पम्प को सील कर दिया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि भदालीखेड़ा में एक ऑटो एलपीजी पम्प बिना वैध दस्तावेजों के संचालित किया जा रहा था।

जांच में पम्प संचालक बिजेंद्र सिंह द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन सामने आया। इस पर विभागीय टीम ने तत्काल प्रभाव से पम्प को सील कर दिया और नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आपत्तिजनक मैसेज से हुआ विवाद, दो पक्षों में मारपीट; 9 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना क्षेत्र के राणाजी का गुढ़ा गांव में एक महिला को भेजे गए आपत्तिजनक मैसेज को लेकर विवाद हिंसक हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों के कुल 9 लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल ने बताया कि घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झगड़े में शामिल आरोपियों को हिरासत में लिया।

सुखवाल ने बताया की प्रथम पक्ष से महेंद्र (32), उकारलाल (38), राजुलाल (37), कमलेश (35) एवं सुनील (21) निवासी राणाजी का गुड़ा को गिरफ्तार किया गया। वहीं द्वितीय पक्ष से राजेश बैरागी (27), मोनू बैरागी (26), विनोद बैरागी (20) एवं आशीष बैरागी (24) को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 5 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

माण्डल थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी कन्हैयालाल सुथार (20) निवासी साडास, चित्तौड़गढ़ है।

पुलिस ने बताया कि 3 जनवरी 2024 को माण्डल थाना पुलिस ने एनएच-48 रायसिंहपुरा पुलिया के पास नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबर की अल्टो कार से 75.770 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया था। इस मामले में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि कन्हैयालाल सुथार फरार हो गया था। बाद में उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। डीएसटी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी जोधड़ास चौराहे पर मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को डिटेन किया और पूछताछ के बाद एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# पंचायती राज चुनावों में ईडब्ल्यूएस को 10% आरक्षण की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

श्री प्रताप फाउंडेशन के तत्वावधान में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को पंचायतीराज व्यवस्था में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन कर ईडब्ल्यूएस वर्ग को आगामी पंचायतीराज चुनावों में आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संविधान के 103वें संशोधन के तहत ईडब्ल्यूएस वर्ग को सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत आरक्षण पहले से लागू है, ऐसे में स्थानीय निकाय चुनावों में भी इसे लागू किया जाना आवश्यक है।

प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की कि समान अवसर और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए पंचायतीराज चुनावों में भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया जाए।

इस दौरान पूर्व सरपंच पुष्पेंद्र सिंह शक्तावत, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन विश्वजीत सिंह शक्तावत, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष योगेंद्र सिंह शक्तावत, राजदीप सिंह शक्तावत, मनजीत सिंह शक्तावत, भानुप्रताप सिंह शक्तावत, जसमेन्द्र सिंह चौहान, भवानी सिंह सोलंकी, मनराज सिंह सोलंकी, श्रीपाल मित्तल, गणेश जैन, प्रताप राठौड़, रणजीत सिंह शक्तावत, श्रीराज सिंह, राहुल सिंह शक्तावत, हितेन्द्र सिंह शक्तावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर सख्त, 'संपर्क' प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति का आकलन किया। बैठक में उन्होंने 'संपर्क' पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े मामलों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संपर्क से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र एवं संवेदनशील निस्तारण को लेकर गंभीर हैं, ऐसे में सभी अधिकारी इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं।

बैठक में उन्होंने कुसुम योजना, लाड़ो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति में सुधार लाने और जिले की रैंकिंग बेहतर करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने सीएमओ एवं डेली न्यूज मॉनिटरिंग से जुड़े लंबित मामलों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास सचिव चिमन लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डाबी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ




**भीलवाड़ा फोकस @ डाबी।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत डाबी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वर्ष 2026 शुक्रवार को प्रारंभ हुआ।मंडल प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र में जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने संबोधित किया। द्वितीय सत्र में जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी ने कार्यपद्धति पर मार्गदर्शन दिया। तृतीय सत्र में गौरव शर्मा, चतुर्थ सत्र में अरविंद गर्ग तथा पांचवें सत्र में जिला प्रभारी गोपाल कुमावत मुख्य वक्ता रहे। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजेश रायपुरिया, जिला संयोजक राधेश्याम गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष शिवराज बेंस, जिला मंत्री प्रभुलाल भील, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा मंडल प्रतिनिधि गजराज सिंह हाड़ा, सरपंच नेवालाल गुर्जर, पूर्व सरपंच दुर्गालाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य राजूलाल भील, सहकारी समिति अध्यक्ष नारायण सिंह हाड़ा, मंडल महामंत्री रमेश धाकड़, प्रकाश बंजारा, संजय मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# नौगांव में भागवत समरसता महोत्सव शुरू, 501 कलशों की शोभायात्रा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर से 17 किमी दूर नौगांव सांवरिया सेठ धाम में शुक्रवार को भागवत समरसता महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 501 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

माधव गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में संत गोवत्स राधाकृष्ण ने प्रवचन देते हुए कहा कि मोबाइल की लत युवाओं की नींद और मानसिक संतुलन बिगाड़ रही है, जबकि भागवत कथा आत्मा का सच्चा भोजन है। उन्होंने संतोष और सत्संग को जीवन का आधार बताया।

महोत्सव में छायाचित्र प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें गो-संरक्षण और मंदिर निर्माण की यात्रा दर्शाई गई। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार को कुमुद विहार में भजन संध्या का आयोजन होगा।

# एमजीएच में एम्बुलेंस माफिया द्वारा मारपीट करने का मामला : पीडित ने कलेक्टर,एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( पुनित चपलोत )**

वस्त्रनगरी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) में एम्बुलेंस माफिया की गुंडागर्दी और लूटखसोट के मामले में पीडित ने जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। खुद को 'हिंदू संगठन' का बताकर सहानुभूति बटोरने वाले एंबुलेंस चालक दो सगे भाइयों ने न केवल एक बेबस तीमारदार को लूटा, बल्कि बीच-बचाव करने आई महिला के साथ भी अभद्रता की।




**हिंदू संगठन का हवाला देते हुए की गुंडागर्दी और ठगी**

सोनियाणा (सहाड़ा) निवासी सुनील जाट ने जिला कलेक्टर को सौंपे परिवाद में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। सुनील की पत्नी रतनी जाट एमजीएच में गंभीर हालत में भर्ती थी, जिन्हें डॉक्टरों ने उदयपुर रेफर किया। इसी दौरान आनंद शर्मा उर्फ आलू और उसके भाई दीपक शर्मा ने सुनील को घेर लिया। आरोपियों ने खुद को 'हिंदू संगठन' का बताकर झांसा दिया कि 'मुस्लिम समुदाय के लोगों से 10 हजार लेते हैं, तुम हिंदू हो इसलिए 4 हजार दे दो।' सुनील ने घबराहट में 4 हजार रुपये दे दिए।

**नर्सिंग स्टाफ के नाम पर माँगे 12 हजार, मना किया तो बरपाया कहर**

रुपये ऐंठने के बाद आरोपियों की भूख और बढ़ गई। उन्होंने ऑक्सीजन और नर्सिंग स्टाफ के नाम पर 12 हजार रुपये और माँगे। जब सुनील ने असमर्थता जताई और अपने 4 हजार रुपये वापस माँगकर 108 एम्बुलेंस से जाने की बात कही, तो दोनों भाई हैवानियत पर उतर आए। आरोपियों ने सुनील के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसके गले से एक तोला सोने की चेन लूट ली।

**महिला के साथ अभद्रता , भीमगंज पुलिस की सुस्ती पर सवाल,आखिर किसका है पुलिस पर दबाव**

हद तो तब हो गई जब सुनील को बचाने आई उसकी बड़ी सास अन्नु देवी के साथ भी इन गुंडों ने बदतमीजी की। आरोप है कि दोनों भाइयों ने महिला की चोटी पकडक़र घसीटा और उनके साथ अभद्रता की। पीडित का आरोप है कि इतनी संगीन वारदात के बावजूद भीमगंज थाना पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है, जिसके चलते उसे न्याय की गुहार लगाने सीधे कलेक्टर की चौखट पर पहुँचना पड़ा।

**एम्बुलेंस माफिया के आतंक से दहशत में मरीज और उनके परिजन**

एमजीएच के बाहर सक्रिय यह एम्बुलेंस माफिया न केवल मरीजों की मजबूरी का फायदा उठा रहा है, बल्कि अब लूटपाट और छेड़छाड़ जैसी वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं कतरा रहा। पीडित ने कलेक्टर से मांग की है कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर लूटी गई चेन बरामद की जाए और भीमगंज पुलिस की लापरवाही की जांच की जाए।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, 29 से 31 मार्च तक होंगे विविध आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)** सकल जैन श्वेताम्बर समाज, भीलवाड़ा के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 29, 30 एवं 31 मार्च को आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर शहर में भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

महोत्सव को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अहिंसा, संयम, सत्य और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। समाज के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।




महोत्सव के दौरान प्रभातफेरी, अभिषेक, ध्वजारोहण, प्रवचन, नाटिका एवं संगीतमय भक्तिसंध्या जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। बच्चों के लिए 27 भवों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता एवं भगवान महावीर के जीवन पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे उनमें संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़े।

महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान महावीर के संदेशों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेंगे।

आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि 31 मार्च को मुख्य आयोजन के अवसर पर अपने प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रखकर धर्मकार्य में सहभागिता निभाएं।

महोत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। संरक्षक मंडल में नवरत्नमल बंब, राजेंद्र प्रसाद चिपड़, जससराज चोरड़िया, विनोद कुमार बंब एवं गोवर्धन सिंह कावड़िया मार्गदर्शन दे रहे हैं। संयोजक दिलीप मेहता के नेतृत्व में सह-संयोजक नवरत्नमल भलावत, योगेश चंडालिया, पारसमल कूकड़ा, ज्ञानमल सुराणा सहित अन्य सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंडारी, मीडिया संयोजक धर्मेन्द्र कोठारी एवं मनीष बंब सहित अनेक कार्यकर्ता जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# जीरो डोज टीकाकरण पर जिला स्तरीय कार्यशाला, 27 इन्फ्लुएंसर्स हुए सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ एवं शिव शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जीरो डोज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।कार्यशाला में बिजौलिया, करेड़ा एवं मांडल ब्लॉक से आए सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक प्रतिनिधियों को टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करने तथा अभियान की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान



ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मांडल डॉ. सुनील मीणा सहित चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्मिक मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि टीकाकरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि फील्ड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर टीकाकरण को बढ़ावा देने वाले 27 इन्फ्लुएंसर्स को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डॉ. सुनील मीणा ने इन्फ्लुएंसर्स से आह्वान किया कि वे टीकाकरण को लेकर हिचकिचाने वाले परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सेतु बनें और उन्हें प्रेरित करें।जिला समन्वयक (जीरो डोज परियोजना) सुरेंद्र सोनी ने टीकाकरण में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि देश में संचालित टीकाकरण कार्यक्रम 11 गंभीर बीमारियों की रोकथाम में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने पुरुषों से आगे आकर इस अभियान को सशक्त बनाने का आह्वान किया।ब्लॉक कॉर्डिनेटर गोविंद सिंह ने टीकाकरण को प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी बताते हुए सभी से इसमें सक्रिय सहयोग करने की अपील की। कार्यशाला में जगदीश चंद्र स्वर्णकार, हरदेव गुर्जर, कन्हैया लाल माली, दिलीप सिंह, लक्ष्मी मेहर, ओगड़ दास, दशरथ टेलर, गोविंद सिंह, विक्रम गुर्जर, जयप्रकाश पारिक सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर मंदिरों में जागरूकता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में हरनी महादेव मंदिर एवं चावुंडा माता मंदिर परिसर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि अभियान के दौरान मंदिरों के पुजारियों एवं श्रद्धालुओं को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी गई। साथ ही परिसर में जागरूकता पोस्टर लगाए गए और आसपास के दुकानदारों को भी बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान आमजन को बताया गया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है, जहां सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

इस गतिविधि में जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की काउंसलर निर्मला पुरोहित एवं केस वर्कर सुमन साहू ने उपस्थित रहकर लोगों को जागरूक किया।

## कलश यात्रा व शोभायात्रा के साथ नोहरा में 21 कुंडात्मक विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



**सांवर वैष्णव ।** कस्बे के निकटवर्ती नोहरा (जित्यास) गांव स्थित काली छाट के देवनारायण मंदिर पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय 21 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि 2 दिसंबर 2025 से चल रहे अखंड 108 रामायण पाठ की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में इस महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह 10:15 बजे धर्माऊ कुई से कलश यात्रा शुरू हुई, जिसमें नोहरा सहित जित्यास, गेगा का खेड़ा, पारोली, हाथीपुरा, कानावतों का खेड़ा और बोर्डियास गांवों से श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए।

कलश यात्रा में 151 महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई देवनारायण मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा और रंग-गुलाल से शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्तिमय भजनों पर महिला-पुरुष, युवक-युवतियां व बच्चे झूम उठे।

देवनारायण भगवान व चारभुजानाथ की आरती के पश्चात बैवाणों को यज्ञशाला में विराजमान कराया गया। इसके बाद दोपहर 4:15 बजे यज्ञाचार्य धर्मनारायण एवं सह-यज्ञाचार्य हरिशंकर दाधीच ने मंत्रोच्चार के साथ मंडप प्रवेश व पंचांग पूजन कराया। इस दौरान दीपक पुरी महाराज का भी आगमन हुआ, जिनका ग्रामीणों ने स्वागत किया। महायज्ञ के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक कथा वाचन होगा। मेले में झूले, चकरी व अन्य आकर्षण भी लगे हैं, जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। महायज्ञ के तहत विभिन्न बोलियां भी लगाई गईं। इसमें प्रधान कुंड की बोली नोहरा निवासी बद्रीलाल जाट ने 1 लाख 71 हजार रुपए में ली। वहीं भागवत गीता की बोली गणेश जाट के नाम 91 हजार रुपए में रही।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की
जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां तेज, मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

### 8 से 14 अप्रैल तक मेडिसिटी ग्राउंड में होगी कथा, पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे वाचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विश्व विख्यात कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में 8 से 14 अप्रैल तक मेडिसिटी ग्राउंड, आज़ाद नगर भीलवाड़ा में आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति द्वारा विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने का सिलसिला भी जारी है।

इसी क्रम में शुक्रवार को समिति पदाधिकारियों ने जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें कथा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी तथा कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने मुख्यमंत्री को मेवाड़ में पहली बार आयोजित हो रही इस कथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समिति पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से आयोजन में शामिल होने का विशेष आग्रह किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कथा के प्रति मंगलभाव व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री को आमंत्रित करते समय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया, प्रशासनिक प्रभारी अर्पित कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि आयोजन समिति इससे पहले राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई विशिष्टजनों को भी कथा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे चुकी है।

# 4 अप्रैल को होगा पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण, अभिभाषक परिषद को दिया निमंत्रण





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**नरेश धाकड़ ।** स्थानीय अभिभाषक परिषद में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की 4 अप्रैल को प्रस्तावित प्रतिमा अनावरण समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अभिभाषक परिषद को निमंत्रण पत्र सौंपते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा भी साझा की। इस अवसर पर एडवोकेट लक्ष्मी लाल सुराणा, निर्मल कुमार जोशी, सुमित जोशी, ब्रह्म प्रकाश तिवाड़ी, अनिल कुमार धाकड़, पंकज कुमार धाकड़, घनश्याम धाकड़, सुनील जोशी, नरेश सिंह तंवर, प्रदीप कुमार शर्मा, जसवंत सिंह सोलंकी, सुरेश कुमार शर्मा, संजय धाकड़, विट्ठल तिवाड़ी, सुनील बाकलीवाल, मनोज बंजारा, हितेश धाभाई, महेश तांगड़ एवं ललिता सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्वर्गीय विवेक धाकड़ के क्षेत्र के प्रति उल्लेखनीय योगदान को स्मरण करते हुए आगामी प्रतिमा अनावरण समारोह को भव्य रूप देने का संकल्प लिया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया गया।

# टोलकर्मियों की दबंगई पर भड़के अधिवक्ता, मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

### मारपीट व अभद्रता के विरोध में सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा





**(गोपाल तिवाड़ी)।** स्थानीय क्षेत्र में टोलकर्मियों की कथित दबंगई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अधिवक्ता व उनके परिवार के साथ मारपीट और अभद्रता की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि 25 मार्च की शाम आगुंचा टोल प्लाजा पर अधिवक्ता रामकुंवार प्रजापत के साथ टोलकर्मियों ने पहचान बताने के बावजूद गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उनके परिवारजनों, जिनमें महिलाएं व बच्चियां भी शामिल थीं, के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया।

घटना के बाद गुलाबपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ितों का मेडिकल करवाया और मामला दर्ज की। वही जानकारी में सामने आया है की पुलिस द्वारा 7 आरोपियों को पकड़ा गया, लेकिन एसडीएम के समक्ष केवल 5 आरोपियों को ही पेश किया गया। बताया जा रहा है कि अब भी 3-4 मुख्य आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी शेष है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि 10-20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले ग्रामीणों को नियमानुसार टोल में छूट मिलती है, लेकिन इसके बावजूद टोलकर्मी नियमों की अनदेखी कर आमजन से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। आरोप है कि कई टोल प्लाजा पर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की नियुक्ति होने से आए दिन विवाद व मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है।

अधिवक्ताओं ने सरकार से लंबित पड़े एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की मांग भी की है, ताकि अधिवक्ताओं के साथ होने वाली घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया और 'वकील एकता जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। अभिभाषक संघ गुलाबपुरा के अधिवक्ताओं में घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि मुख्य आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई और टोल मालिक व मैनेजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# जिला स्तरीय अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता आज से, भीमगंज स्कूल मैदान पर होंगे मुकाबले

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में अंडर-20 बालक जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से 30 अप्रैल तक भीमगंज स्कूल मैदान मोदी ग्राउंड पर किया जाएगा। प्रतियोगिता के मैच प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद खेले जाएंगे।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले के 20 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के मुख्य चयनकर्ता सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक ओम प्रकाश काबरा एवं संगम स्कूल के फुटबॉल कोच शंकर जीनगर होंगे।

संघ के प्रवक्ता दीपक खींची के अनुसार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को 1 से 5 अप्रैल तक अनुभवी डी-लाइसेंस कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद चयनित खिलाड़ी 6 से 9 अप्रैल तक राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए भेरूलाल सिंगर को मुख्य समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं ग्राउंड प्रभारी महेश शर्मा एवं मिथलेश मारू रहेंगे। खेल सामग्री एवं उपकरणों की जिम्मेदारी चेतन शर्मा और प्रहलाद सिंह को सौंपी गई है।

प्रतियोगिता की घोषणा के दौरान दुर्गेश जोशी, कैलाश कोठारी, अनिल व्यास, लोकेश बुनकर, अनूप तिवारी, लोकेंद्र सिंह, जगदीश बुनकर, कुणाल कुमार, अमर सिंह, सिद्धार्थ पोरवाल एवं शेखर बैरवा सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अर्हम ध्यान योग शिविर में उमड़ी आस्था, मुनि प्रणम्य सागर ने दिया संयमित जीवन का संदेश






भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।





**शुभम जैन ।** कस्बे की राजभवानी वाटिका शुक्रवार को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आई, जब अर्हम ध्यान योग शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जैन मुनि प्रणम्य सागर के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में लोगों ने ध्यान, योग और संयमित जीवनशैली के महत्व को आत्मसात किया।

मुनि प्रणम्य सागर ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य यदि अपने जीवन में ध्यान और योग को अपनाता है, तो वह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त बनता है। उन्होंने पंच मुद्राओं के माध्यम से शरीर और चेतना के संतुलन का अभ्यास करवाते हुए बताया कि नाभि, हृदय, कंठ, भृकुटि और मस्तिष्क ये पांचों केंद्र जीवन ऊर्जा के प्रमुख आधार हैं।


उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सरल भाषा में समझाया कि आहार और व्यवहार का सीधा असर शरीर और मन पर पड़ता है। इसलिए भोजन हमेशा शांत वातावरण में, पद्मासन में बैठकर और बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवधान के करना चाहिए। उन्होंने सुबह और भोजन के बाद गुनगुना पानी पीने को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत बालिका मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद विभिन्न मंदिर समितियों के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान पुण्यार्जक परिवारों ने मुनि का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिविर में आसपास के कई गांवों और कस्बों से आए श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। समापन अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा मुनि को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## नवचंडी दुर्गा पाठ, हवन-यज्ञ और कन्या पूजन के साथ गूंजा पूरा परिसर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(मूलचंद पेसवानी)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर स्थित श्री हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और गूंजते मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में आयोजित नवचंडी दुर्गा पाठ ने पूरे परिसर को दिव्यता से सराबोर कर दिया है। प्रतिदिन प्रातःकाल मण्डल पूजन, गणपति पूजन और मां भगवती दुर्गा का विधिवत अभिषेक कर हवन-यज्ञ किए जा रहे हैं। वैदिक ब्राह्मण पंडित सत्यनारायण शर्मा, मनमोहन शर्मा एवं वासुदेव शर्मा द्वारा दुर्गा सप्तशती का शास्त्रोक्त पाठ कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है।दुर्गा अष्टमी पर विशेष सामग्री के साथ भव्य हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था और मन में शांति का भाव स्पष्ट नजर आया। शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कन्या पूजन का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें कन्याओं के चरण पखारकर, तिलक लगाकर और भोग अर्पित कर उन्हें प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। यह दृश्य भक्तों को भाव-विभोर कर गया।स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि रामनवमी सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है, जो भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व धर्म की स्थापना, बुराई पर अच्छाई की विजय और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन का प्रतीक है। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन मनाया जाने वाला यह पर्व देवी दुर्गा की उपासना और श्रीराम भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में गूंजते भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने माहौल को पूर्णतः आध्यात्मिक बनाए रखा। हर कोई भक्ति रस में डूबा नजर आया और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया गया।

विशेष बात यह रही कि स्वामी ने सम्पूर्ण चैत्र नवरात्रि के दौरान मौन संकल्प लिया था, जो रामनवमी के दिन पूर्ण हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आह्वान किया कि वे अपने धार्मिक उत्सवों को परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार मनाएं और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें।

न्होंने समाज में बढ़ती भटकाव की प्रवृत्तियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस दिव्य आयोजन में संत मायाराम, राजाराम, गोविंद राम, केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने धर्म, भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम साकार किया।

# भीलवाड़ा की रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने की मांग, सांसद दामोदर अग्रवाल ने संसद में उठाया मुद्दा

## नई रेल लाइन, ट्रेनों के संचालन और कनेक्टिविटी विस्तार को लेकर रेल मंत्री से की कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



वस्त्रनगरी भीलवाड़ा की रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में आवाज उठाई। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया की अग्रवाल ने सदन के जीरो ऑवर में रेल मंत्री से विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर कार्रवाई की मांग रखी।

सांसद अग्रवाल ने अजमेर-कोटा रेलमार्ग पर अजमेर से नसीराबाद वाया जलिन्द्री (मांडलगढ़) नई रेलवे लाइन निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 में इस मार्ग का सर्वे कर प्रस्ताव रेल मंत्रालय की पिंक बुक में शामिल किया जा चुका है। प्रस्तावित योजना में लोहरवाड़ा, जसवंतपुरा, सरना, गोयला, सरवाड़, सूरजपुरा, कालेड़ा, कृष्णा गोपाल, अरवा, शक्करगढ़, मोतीपुरा और जलिन्द्री (मांडलगढ़) सहित करीब 15 नए रेलवे स्टेशन विकसित करने का भी प्रावधान है।

इसके साथ ही मांडलगढ़ से भीलवाड़ा वाया बिगोद और सवाईपुर नई रेलवे लाइन बिछाने की आवश्यकता भी बताई गई, जिससे ऊपरमाल क्षेत्र के खनन व्यवसाय और स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिल सके।

सांसद ने कोरोना काल से पूर्व संचालित अजमेर-बांद्रा रेल सेवा को पुनः बहाल करने की मांग भी उठाई। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 12995-12996 एवं 22901-22902 पूर्व में अजमेर से संचालित होती थीं, लेकिन पिछले करीब पांच वर्षों से यह सेवा केवल उदयपुर से ही संचालित हो रही है। यात्रीभार को देखते हुए भीलवाड़ा से मुंबई के लिए नियमित और वैकल्पिक ट्रेन सेवा शुरू करना आवश्यक है। साथ ही अजमेर से भीलवाड़ा वाया रतलाम होकर अन्य ट्रेनों को डायवर्ट करने की मांग भी की गई।


इसके अलावा उन्होंने भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए नई ट्रेन शुरू करने की आवश्यकता जताई। वर्तमान में इस रूट पर केवल चेतक एक्सप्रेस संचालित है, जबकि पहले मीटर गेज के समय दो ट्रेनें चलती थीं। ऐसे में उदयपुर वाया भीलवाड़ा-जयपुर होकर दिल्ली तक नई ट्रेन शुरू करने की मांग रखी गई।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य भीलवाड़ा की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक और आमजन के आवागमन को गति मिल सके। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## QUICK BITES

### बिजोलिया में आज सुबह 8 से 12 बजे तक बिजली कटौती, रखरखाव कार्य रहेगा जारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर।** क्षेत्र में 33 केवी सलावटिया विद्युत लाइन पर जरूरी रखरखाव कार्य के चलते 28 मार्च को अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

सहायक अभियंता ललित मेवाड़ा ने बताया की सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सलावटिया, चाँदजी की खेड़ी और कांस्या जीएसएस से जुड़े सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

विभाग ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित समय के अनुसार अपनी दिनचर्या व्यवस्थित कर लें और कार्य में सहयोग करें, ताकि रखरखाव कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

### बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।



**रमेश गुर्जर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरा में दसवीं बोर्ड का परीक्षा शत प्रतिशत रहने पर शुक्रवार को ग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों का सम्मान और स्वागत किया।

प्रधानाचार्य कमलेश कुमार भील ने बताया कि छात्रा खुशबु किराड़ ने 84 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाली पायल सुथार,पूजा किराड़ ,अमन बधाई व रविना बलाई का भी सम्मान किया गया। समारोह में रामस्वरूप किराड़,मदन लाल सुथार,शंभू लाल किराड़,सुगन लाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पूर्णाहुति, 11 कुंडी महायज्ञ व कन्या भोज आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पूर्णाहुति एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 11 कुंडी महायज्ञ के साथ विभिन्न धार्मिक संस्कार भी विधिवत संपन्न कराए गए।

महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर धर्म लाभ अर्जित किया। पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भंवर लाल बगड़ी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और पूर्णाहुति के साथ इसका समापन हुआ।

### रामनवमी पर निकली भव्य कलश यात्रा, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



**(परमेश्वर)।** रामनवमी के अवसर पर कस्बे में खटीक समाज द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान 101 कलश के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ भाग लिया। शोभायात्रा अजमेरी गेट स्थित सीताराम भगवान मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, पुराने बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान पूरे कस्बे में भक्तिमय माहौल बना रहा।

कस्बे के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान सीताराम के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई । जिसमें समाज के लोग एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### माताजी का नेजा निकला, ज्वारों का हुआ विसर्जन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के चावंडिया गांव में नवरात्रा के समापन पर शुक्रवार को चामुंडा माताजी का नेजा निकालकर श्रद्धा व उत्साह के साथ ज्वारों का विसर्जन किया गया। आयोजन के दौरान गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्रामीणों के अनुसार, चामुंडा माता मंदिर से नेजा यात्रा की शुरुआत हुई, जो गाणा वाले सगस जी, चारभुजा नाथ मंदिर होते हुए गांव के विभिन्न मार्गों से होकर चामुंडा माता तालाब पहुंची। यहां विधि-विधान के साथ माताजी के ज्वारे एवं भभूति का विसर्जन किया गया।इस दौरान परंपरा अनुसार चामुंडा माताजी द्वारा आगामी वर्ष को लेकर भविष्यवाणी भी की गई, जिसमें क्षेत्र में अच्छी वर्षा और तालाब भरने की संभावना जताई गई। नेजा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। वहीं, नवरात्रा समापन के अवसर पर कस्बे का बाजार भी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।